हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोला हत्या का राज, गमछे से...



07 मूंग खरीदी में जारी अव्यवस्थाः नहीं मिले...



खबर संक्षेप

नवागत तहसीलदार झरबड़े हुए ज्वाइन

इटारसी। इटारसी तहसील के



नवागत तहसीलदार रमाशंकर झरबड़े ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने नायब तहसीलदारों एवं पटवारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की और समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों को पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार दिलीप परते, कृष्ण कुमार सहित राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

हाईब्रिड मोड में होगी उर्वरक वितरण व्यवस्था

नर्मदापुरम। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला नर्मदापुरम रविकांत सिंह ने बताया कि प्रदेश में उर्वरक वितरण व्यवस्था को और अधिक सरल एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत 30 जुलाई 2026 से उर्वरक वितरण व्यवस्था हाईब्रिड मोड में लागू की गई है। यह व्यवस्था ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के सरलीकरण के लिए गठित समिति की अनुशंसाएं प्राप्त होने तक प्रभावी रहेगी।

सांसद निधि से प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सांसद निधि से 1 निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। लोक सभा सांसद चौधरी की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत सोमलवाडा में हरदौल बाबा के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल छत निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्य सड़क से निकाला जुलूस, फिर लेकर गए कोर्ट

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उत्पात मचाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम पुलिस द्वारा सोमवार को शहर में उत्पात मचाने वाले चार आरोपियों को पकड़ा और पैदल जुलूस भी निकला।

शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में न्यास कॉलोनी चौराहे पर 30 जुलाई की रात को गाड़ियों में तोड़फोड़, मारपीट कर दशहत फैलाने वाले 5 बदमाशों को देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसमें एक नाबालिग बाल अपचारी है। रविवार रात को गिरफ्तार तीन आरोपियों को पुलिस ने तलवार, चाकू के साथ छोटी पहाड़िया से पकड़ा है। दो आरोपियों को सोमवार सुबह अरेस्ट किया। नाबालिग समेत पांचों आरोपी आदतन अपराधी हैं। जिनके खिलाफ लूट, अवैध शराब, मारपीट, आर्म्स एक्ट, तोड़फोड़ करने समेत अनेकों अपराध दर्ज हैं। सोमवार को चारों आरोपियों का देहात थाने से हरियाली चौक तक जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपियों की आंख, चेहरे पर अफसोस के बजाय गुस्सा नजर आया। खास बात यह है कि यह आरोपी अवैध शराब के कारोबार से जुड़े हैं।



हाउसिंग बोर्ड में मचा रहे थे उत्पात

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहवासियों के बीच दहशत फैलाने के उद्देश्य से 30-31जुलाई की रात को पहुंचे और मोहल्ले में आधे घंटे उपद्रवियों ने इलाके में जमकर गुंडागर्दी की। हाथ में डंडे, हथियार, रॉड लहराते हुए उपद्रव किया। घरों के सामने खड़े फोरव्हीलर वाहन और ऑटो के कांच फोड़ दिए। बीच-बचाव करने पर बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए कुछ लोगों से मारपीट भी की थी। घटना के सीसीटीवी वीडियो भी सामने आएं। जिसमें बदमाश हाथों में डंडा, हथियार लेकर नजर आ रहे थे।

गिरफ्तार आरोपी

अर्पित उर्फ भोला (19) पिता सुरेश गोस्वामी, पर 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें अवैध शराब, आर्म्स एक्ट, मारपीट और तोड़फोड़ के प्रकरण शामिल हैं। नितिन (20) पिता रघुवीर अहिरवार, के खिलाफ 4 मामले दर्ज हैं, जिनमें तोड़फोड़, अवैध शराब और आर्म्स एक्ट के प्रकरण शामिल हैं। अमन (22) पिता गोकुल प्रसाद केवट, नपर 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें अवैध शराब, गाली-गलौज और अन्य अपराध शामिल हैं। गौतम (19) पिता गोकुल प्रसाद केवट, के ऊपर इसके खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, मारपीट और गाली-गलौज के प्रकरण शामिल हैं। एक 17 वर्ष 4 माह का बाल अपचारी भी इस मामले में आरोपी है। उसके खिलाफ 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमन केवट, गौतम केवट और बाल अपचारी आपस में सगे भाई हैं।

पैदल लेकर निकाला जुलूस, फिर कोर्ट ले गए

देहात थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तोड़फोड़, मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक नाबालिग है और चार बालिग हैं। सभी के खिलाफ पूर्व से मारपीट, अवैध शराब, लूट, आर्म्स, तोड़फोड़ के अपराध दर्ज है। बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड और बाकी को न्यायालय में पेश किया गया। शाम 4 बजे सभी चार आरोपियों को देहात थाने से हरियाली चौक तक पैदल चलाकर ले गए। एसआई सुखनंदन नरें, एएसआई प्रवीण शर्मा, दीपक पाराशर, प्रधान आरक्षक नवीन दुबे, संजय गौर, आरक्षक जितेंद्र राजपूत, कपिल विश्वकर्मा आरोपियों को पकड़कर साथ ले गए।

फोन-पे से छलपूर्वक महिला के अकाउंट से उड़ा दिए 46 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर सहित जिले भर में साइबर फ्रॉडिंग के मामले बढ़ रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को अभियान चलाकर समझाइश भी दी जा रही है लेकिन इसके बाद भी लोग इसका शिकार हो रहे हैं। शहर के समय बनखेड़ी थाना अंतर्गत ग्राम उमरधा में एक महिला के साथ फोन पे के माध्यम से 46 हजार की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर पैसे निकाल लिए। बताया जाता है कि मामला 31 जुलाई का है। महिला के फोन पे के माध्यम से छलपूर्वक 46 हजार रुपए बदमाशों ने धोखाधड़ी से ट्रांसफर कर लिए।

अब पुलिस ने धारा 318 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन लोगों को समझाईश दी रही है कि ऑनलाइन ठगी से बचें ओटीपी शेयर न करें लिंक पर क्लिक न करें।

एमआरएफ व कम्पोस्टिंग प्लांट के संचालन के लिए नपा का हुआ अनुबंध

इटारसी। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के नेतृत्व में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में ग्राम जिलवानी स्थित एमआरएफ एवं कम्पोस्टिंग प्लांट के संचालन, रखरखाव एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य हेतु वीआईपी फैसिलिटीज सर्विसेज इंदौर के साथ अनुबंध निष्पादित किया गया है। इस अनुबंध के माध्यम से नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन एकत्रित होने वाले ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) तथा जैविक कचरे से कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जाएगा। इससे शहर में स्वच्छता व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक पद्धति से संचालित करना है, जिससे लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा कम हो।



जीनियस प्लानेट स्कूल में फायरलेस कुकिंग स्पर्धा संपन्न, बच्चों ने बिना आग के बनाए लजीज व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'फायरलेस कुकिंग' (बिना आग के खाना पकाना) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को दो श्रेणियों (स्वीट और नमकीन) तथा दो ग्रुपों—ग्रुप ए (कक्षा 6-7) और ग्रुप बी (कक्षा 8-12) में बांटा गया था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बिना आग का उपयोग किए भेल, सैंडविच, विभिन्न प्रकार की चाट, चॉकलेट लड्डू, ओरियो शेक, केक और पनीर कलाकंद जैसे कई स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका तूलिका जीना, तन्वी सिंग तथा 'वाओ' ग्रुप की फाउंडर मेंबर्स विनी लाम्बा, किरण लाम्बा और नीतू गंभीर ने निभाई।



स्कूल की संचालिका मनीता सिद्दीकी ने सभी निर्णायकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। प्रिंसिपल ममता छिकारा ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की, वहीं संचालक जाफर सिद्दीकी ने इस आयोजन को नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के 'स्किल डेवलपमेंट' का एक सटीक उदाहरण बताया। ग्रुप ए स्वीट कैटेगरी में मानहा फातिमा खान और नमकीन कैटेगरी में वंश सकतपुरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दतिया उपचुनाव का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

इटारसी। मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव के मतगणना परिणाम पूरी तरह घोषित होने से पहले ही इटारसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया। यह घटना इटारसी में हुई, जहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे और नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में कांग्रेस के झंडे लेकर नारे लगाए। उन्होंने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

दो दिनों में 375 वाहनों पर कार्रवाई, 1.64 लाख का जुर्माना, 10 अगस्त तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने और निजी वाहनों पर विशेषाधिकार के अनधिकृत प्रदर्शन पर रोक लगाने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस द्वारा अभियान लगातार जारी है।

1 से 10 अगस्त तक संचालित इस अभियान के दूसरे दिन भी जिले के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन वाहन जांच की गई। वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 82,400 रूपये का समन शुल्क वसूला गया। अभियान के पहले दो दिनों में 375 वाहनों पर कार्रवाई कर 1,64,200 रूपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। जांच के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से निजी वाहनों में लगाए गए अवैध हूटर, सायरन, फ्लैशर लाइट, सरकारी एवं बीआईपी स्टिकर, पदनाम, मोनोग्राम, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म की जांच की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि 10 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बिना किसी भेदभाव के वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।



रसूलिया की फौजदार कॉलोनी में मनाया स्तनपान सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर इन दिनों विश्व विश्वास सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 92 फौजदार कॉलोनी रसूलिया में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती धात्री माता को केवल स्तनपान की समझाइए दी गई। इस दौरान मातृ सहयोगिनी समिति के सदस्य सविता सराठे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता जाटव एवं सहायिका शिवानी जाटव उपस्थित रहीं। इस दौरान महिलाओं को स्तनपान से संबंधित अनेक प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराई। साथ ही शिशु के लालन पालन को लेकर भी उन्हें समझाइश दी गई।

जिला अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र के लिए परिजन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पहुंच रहे नागरिकों और परिजनों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए पिपरिया, सोहागपुर, बाबई और बनखेड़ी जैसे दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों को घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। इस बीच, जन्म प्रमाण पत्र शाखा में पदस्थ कर्मचारी द्वारा परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं नागरिकों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।



अभद्र व्यवहार और काम टालने का आरोप

अस्पताल पहुंचे परिजनों का आरोप है कि प्रमाण पत्र शाखा में तैनात कर्मचारी नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करते और बार-बार अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं। इतना ही नहीं, रिकॉर्ड रजिस्टर में जानकारी तलाशने जैसा प्राथमिक कार्य भी कर्मचारी खुद करने के बजाय परिजनों पर ही छोड़ देते हैं।

परिजन बोले हो रही है परेशानी

परिजनों का यह भी कहना है कि अस्पताल में डिलीवरी के समय पर्ची या कंप्यूटर एंट्री में नाम व मात्रा की छोटी-मोटी त्रुटि होने पर उन्हें शपथ पत्र बनवाने या डॉक्टरों से दोबारा लिखवाकर लाने के नाम पर परेशान किया जाता है। आरोप है कि जब तक कोई 'सेटिंग' या अनुचित लेनदेन नहीं होता, तब तक प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाते। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह खेल पिछले 2-3 सालों से लगातार जारी है।

निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग

वायरल वीडियो और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद स्थानीय नागरिकों व परिजनों ने जिला प्रशासन, कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से इस पूरे मामले पर संज्ञान लेने की अपील की है। प्रमुख मांगें पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। दूर-दराज से आने वाले नागरिकों के लिए जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाए। ताकि जिला अस्पताल में इलाज कराने और प्रमाण आदि बनवाने आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

अंतरराष्ट्रीय स्तनपान दिवस पर मातृशक्ति को दी अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के आंगनबाड़ी केंद्र में विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर चंद्रकला विन्डिया द्वारा क्षेत्र की महिलाओं एवं नव विवाहित महिलाओं को विश्व स्तनपान दिवस विषय में सिर्फ और सिर्फ 6 माह तक स्तन पान एवं मां का प्रथम दूध अवश्य पिलाये जो बच्चे को टी के के रूप में प्राप्त होता है। यह शिशु का पहला और संपूर्ण आहार है जो की जन्म के 1 घंटे के भीतर शिशु को पिलाये मां का पहला दूध शिशु ही नहीं बल्कि मां के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। यह मां और शिशु के बीच एक अटूट बंधन होता है। कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर चंद्रकला विन्डेया एवं क्षेत्र की महिलाएं कंचन आदि माजूद रहीं।

आबकारी की कार्रवाई में 130 लीटर हाथभट्टी शराब, 3500 किग्रा महुआ लाहन व ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के परिवहन, निर्माण एवं संग्रहण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में रविवार को आबकारी विभाग की वृत्त औद्योगिक क्षेत्र इटारसी टीम ने तवा नदी किनारे ग्राम पाहनबर्री में विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान एक पावरट्रैक 439 आरडीएक्स ट्रैक्टर के जंगले से 50-50 लीटर क्षमता की दो कैनों में अवैध हाथभट्टी मदिरा बरामद की गई। मौके पर आसपास सघन तलाशी लेने पर लगभग 3,500 किलोग्राम महुआ लाहन भी जब्त किया गया।



आबकारी विभाग ने इस कार्रवाई में कुल 130 लीटर हाथभट्टी मदिरा, लगभग 3,500 किलोग्राम महुआ लाहन तथा अवैध परिवहन में प्रयुक्त पावरट्रैक 439 आरडीएक्स ट्रैक्टर जब्त किया। जब्त मदिरा, लाहन एवं ट्रैक्टर की अनुमानित कीमत लगभग 9.50 लाख रुपये आंकी गई है। प्रकरण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जब्त कच्ची शराब के नमूने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजे जाएंगे। साथ ही अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर के संबंध में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) से जानकारी प्राप्त कर वाहन स्वामी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सेठानी घाट से पचमढ़ी के लिए रवाना हुए कांवड़िए

श्रावण मास में शिव आराधना में जुटे शिव भक्त जटाशंकर महादेव का करेंगे जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सावन माह के पहले सोमवार को नर्मदापुरम के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जल, दूध, दही और बिल्वपत्र से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। वहीं, प्राचीन सेठानी घाट से सैकड़ों कांवड़िए पचमढ़ी के लिए रवाना हुए। यहां सावन के दूसरे सोमवार को जटाशंकर महादेव का नर्मदा जल से अभिषेक किया जाएगा।

जटाशंकर कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में निकाली गई यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़िए करीब 130 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान तीन



कांवड़िए कंधों पर बड़े और भारी घड़े लेकर चलते नजर आए। कैलाश मानसरोवर मुक्ति का संकल्प लेकर जटाशंकर कांवड़ यात्रा समिति पिछले 24 वर्षों से यह परंपरा निभा रही है। हर वर्ष मां नर्मदा को चुनरी अर्पित करने के बाद श्रद्धालु कांवड़ में नर्मदा जल भरकर पचमढ़ी तक पैदल यात्रा करते हैं।

10 अगस्त को होगा जलाभिषेक

समिति की अध्यक्ष राजो मालवीय के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा अलग-अलग स्थानों पर रुकते हुए एक सप्ताह में पचमढ़ी पहुंचेगी। सावन के दूसरे सोमवार, 10 अगस्त को कांवड़िए जटाशंकर महादेव का नर्मदा जल से अभिषेक करेंगे।

महिला मंडल ने किया प्रथम सोमवार विशेष अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माता मढ़िया राजा मोहल्ला महिला मंडल द्वारा गुरूदेव आचार्य सोमेश परसाई कि प्रेरणा से सम्पूर्ण श्रावण मास मे प्रतिदिन आचार्य ऋषि दुबे द्वारा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कराया जा रहा है। आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को महादेव का विशेष रुद्राभिषेक गन्ने के रस से किया गया। समिति कि आशा चौकसे ने बताया कि प्रति वर्ष कि तरह इस वर्ष भी सम्पूर्ण श्रावण मास विधिविधान से अभिषेक किया जा रहा है। आयोजन मे बड़ी संख्या मे महिला पुरुष बच्चे शामिल हो रहे है।

वहीं प्रथम सावन सोमवार भगवान भोलेनाथ कि पालकी माता मढ़िया शंकर मंदिर से नगर भ्रमण हेतु निकाली गई जिसे मुख्य रूप से छोटे छोटे बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह एवं विधि विधान से निकाली गई जिसका समापन काले महादेव पर आरती के साथ किया गया।

खबर संक्षेप

रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहन जब्त



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत विगत दिनों खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के घोड़ाडोंगरी तहसील के रानीपुर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण कर गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थाना की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ रानीपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खमालपुर एवं ग्राम कोयलारी के पास से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों क्रमशः ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडसी 1730 एवं ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 9206 को जप्त कर पुलिस थाना रानीपुर की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।

नितिन मिश्रा लोक अभियोजक नियुक्त



बैतूल। राज्य शासन ने अधिवक्ता नितिन मिश्रा को लोक अभियोजक नियुक्त किया है। वहीं अधिवक्ता गोवर्धन मालवीय और अधिवक्ता सुनील अग्रवाल को अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राज्य शासन विधि और विधायी कार्य विभाग भोपाल द्वारा आदेश कं. 2028/2026 /21 ब (दो) अन्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 18 (3) अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग कर की गई है। अधिवक्ताओं की नियुक्ति पर जागरूक नागरिकों, वरिष्ठ जनों, समाजसेवीगण, अधिवक्तागण, व्यापारी बन्धुओं, पत्रकार बन्धुओं शुभकामनाएं प्रेषित की है। श्री मिश्रा अपने सहज व्यवहार के लिये जाने जाते है। श्री मिश्रा के पिता विनोद मिश्रा एवं उनके पिता बाबूलाल मिश्रा भी शासकीय अधिवक्ता रहे है। अधिवक्ता संघ बैतूल के सदस्यों ने भी नितिन मिश्रा को बधाई दी है।

खिड़की के फंदे पर लटका मिला मजदूर का शव

बैतूल। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम खापा में सोमवार सुबह 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव घर की खिड़की से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कैलाश पिता गिर्दा इवने (45), निवासी ग्राम खापा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रविवार रात करीब 12 से 1 बजे तक कैलाश घर पर था। सोमवार सुबह परिवार के लोगों के जागने पर वह घर की खिडकी से फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना गांव के कोटवार को दी गई। इसके बाद बैतूल बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। बैतूल बाजार पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पोल शिफ्टिंग के कारण 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

बैतूल। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कारगिल चौक से गाड़ाघाट रोड तक निर्माणाधीन सडक़ में बाधा बन रहे विद्युत पोलों को 4 अगस्त को शिफ्ट किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल जोन- 2 के प्रबंधक ने बताया कि प्रस्तावित कार्य के चलते मंगलवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही इटारसी रोड फीडर के फॉरेस्ट नाका, इटारसी रोड गाड़ाघाट, बालाजी विहार, बसंत पेट्रोल पंप, सेमल वाले बाबा, मारुति शोरूम आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

पुरानी रंजिश और अवैध संबंधों का विवाद बना हत्या की वजह

पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोला हत्या का राज, गमछे से गला घोंटकर की हत्या

शव पानी में फेंककर दुर्घटना का रूप देने का किया प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



सांईखेड़ा थाना क्षेत्र में पानी से भरी खंती में मिले शव का पुलिस ने खुलासा किया है। शुरुआती जांच में इसे डूबने से हुई मौत माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद यह हत्या का मामला निकला। पुलिस जनसंपर्क से मिली जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धाबला निवासी लालू पिता गंजू धुर्वे (उम्र 47 वर्ष) का शव नामदेव फाटे की पड़ित भूमि के किनारे बनी खंती के पास पानी में पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना साँईखेड़ा पुलिस मौके पर पहुँची तथा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि मृतक की मृत्यु पानी में डूबने से नहीं, बल्कि गला दबाने के कारण हुई है। पोस्टमार्टम में मृतक की हायॉइड बोन (गले की हड्डी) टूटी हुई पाई गई, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि घटना के दिन मृतक जंगल की ओर मशरूम लेने गया था। आरोपी आनंदराव पिता नब्बा बारस्कर (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम धाबला ने उसका पीछा किया और सुनसान स्थान पर गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने शव को खेत के समीप बने पानी के डोह (नाले) में फेंक दिया ताकि घटना पानी में डूबने से हुई मृत्यु प्रतीत हो।

मृतक और आरोपी के बीच थी पुरानी रंजिश

जांच में यह भी सामने आया कि मृतक एवं आरोपी के बीच लंबे समय से अवैध संबंधों को लेकर विवाद एवं पुरानी रंजिश चली आ रही थी। कुछ माह पूर्व मृतक द्वारा आरोपी पर चाकू से हमला किए जाने के मामले में मृतक जेल भी गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी साँईखेड़ा भैयालाल उईके ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैतूल कमलेश खरपुसे, एसडीओपी बैतूल सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम एवं सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट प्रभारी निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए तथा विधिवत फोटोग्राफी कराई गई।



(मृतक लालू धुर्वे)

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया प्रकरण

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना साईंखेड़ा में धारा 103(1) बीएनएस एवं एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(वी), 3(2)(वीए) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशानुसार गठित टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी। 2 अगस्त को आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने पुरानी रंजिश के कारण हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसने गमछे से गला घोंटकर हत्या की और शव को पानी में फेंक दिया ताकि घटना दुर्घटना प्रतीत हो। आरोपी आनंदराव पिता नब्बा बारस्कर (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम धाबला को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, तथा प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

प्रकरण के सफल निराकरण में थाना प्रभारी साँईखेड़ा भैयालाल उईके, सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी, महिला थाना प्रभारी कविता नागवंशी, प्रधान आरक्षक सुभाष मकोड़े, बलवीर मर्सकोले, विनय जायसवाल, राजकुमार धुर्वे,देवेंद्र ठाकुर, रामानंद धुर्वे, झमोला सिरसाम, रविंद्र नागले, आरक्षक विनोद साहू, बबलू धुर्वे, संतराम उइके, शशी पवार महिला आरक्षक रंजिता उइके थाना साँईखेड़ा का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध मृत्यु, अपराध अथवा असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा डायल-112 पर दें। अपराधों के संबंध में समय पर दी गई सूचना अपराधियों को शीघ्र कानून के शिकंजे में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैतूल पुलिस प्रत्येक सूचना पर संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मायके आई महिला को सांप ने डसा, मौत

बैतूल। जिले में लगातार बढ़ रही सर्पदंश की घटनाओं के बीच सोमवार सुबह कोबरा सांप के काटने से एक विवाहित महिला की मौत हो गई। महिला 15 दिन पहले अपने मायके आई थी। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान देवकु पति कमलेश मानकर के रूप में हुई है। वह ससुंदरा गांव की रहने वाली थीं और करीब 15 दिन पहले अपने मायके जावरा गांव आई थीं। परिजनों के अनुसार, रविवार रात करीब 10 बजे देवकु घर में थीं। इसी दौरान एक जहरीले कोबरा ने उनके पैर में डस लिया। इसके बाद सांप उनके शरीर पर भी चढ़ गया। यह देख घर में मौजूद परिजन घबरा गए। सांप कुछ देर बाद वहां से निकल गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने निजी वाहन से महिला को मुख्य सडक़ तक पहुंचाया। वहां से 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण सर्पदंश माना गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

7 दिन से आधा दर्जन गांवों में ब्लैकआउट

बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही



क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की विद्युत व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। हल्की बारिश एवं थोडी तेज हवा चलने से ही सप्लाई बंद हो जाती और गांव अंधेरे में डूब जाते है। अभी आधा दर्जन से अधिक ग्राम एक सप्ताह से ब्लैकआउट की स्थिति को झेल रहे है। बार-बार शिकायतों के बाद भी बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत जामुलनी के पाटोली, आडाउमर, जामुलनी और बानुर पंचायत के फांगरा, बानुर, मांजरी, धोतरा ग्राम में पिछले 7 दिनों से बिजली बंद है। बिजली पोल टूट जाने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। जिसकी शिकायत भी ग्रामीणों ने बिजली विभाग से की, लेकिन अभी तक सुधार नहीं किया गया। जिसके कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन खराबी से बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है। जिससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थोड़ी तेज हवा क्या चलती, तो ग्रामीण इलाकों की लाइन बंद हो जा रही है। कहीं तार टूट जाता है तो कहीं इंसुलेटर पंचर हो जाते हैं। इससे ब्लैक आउट हो जाता है।

अंधेरा और बारिश के कारण जहरीले जीव-जंतु का खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि अभी बारिश का मौसम चल रहा है। ऐसे में खेत और आसपास जहरीले जीव-जंतु का खतरा बढ़ गया है। अंधेरे के कारण घर और बाहर नजर नहीं आता है। जिससे अंधेरे में घर से निकलने में डर लगता है। ग्रामीण मोहनलाल मावस्कर, दादाराव सैलुकर, नरमु मावस्कर, लोखनाथ मावस्कर ने बताया कि किसानों को रात में भी खेत जाना-आना पड़ता है। ऐसे में अंधेरे के कारण किसान परेशान है। पिछले 7 दिनों से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक कोई सुधार कार्य नहीं किया है। जिसकी वजह से ग्रामीणजन परेशान हो रहे है।

बिजली उपकरण बंद, मोबाइल तक नहीं हो रहे चार्ज

पिछले 7 दिनों से बिजली बंद होने के कारण गांव में ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण और स्कूली बच्चे परेशान है। अंधेरे के कारण बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे है, वहीं बिजली से चलने वाले सभी उपकरण भी बंद पड़े है। ग्रामीण बिसन सेलेकर, दौलत मावस्कर, किशोर बारस्कर, कृष्णा, जगन मेटकर, किशन राजने, रत्रिराम भुसुमकर ने बताया कि बिजली बंद होने के कारण मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहे है, आटा चक्की भी कई दिनों से बंद पड़ी है। ग्रामीणों को गेहूं पिसाने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ रहा है। मोबाइल चार्ज करने के लिए भी ग्रामीण दूसरे गांव जाते है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है। अन्यथा वे धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

चालू करवा दिया जाएगा

वहां पोल टूट जाने के कारण बिजली सप्लाई बंद है, स्टाफ के कर्मचारियों को पोल बदलने के लिए बोल दिया, परन्तु स्पाट पर पोल ले जाने में परेशानी आ रही है फिर भी हमारे द्वारा एक या दो दिन में बिजली सप्लाई चालू करवा दिया जाएगा।

भरत पंद्राम
एई, विधुत मंडल भैसदेही

2.0 नशामुक्ति अभियान के माध्यम से दिया समाज को संदेश

सायगोहान में जंगल सत्याग्रह के महानायक को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



1930 के ऐतिहासिक जंगल सत्याग्रह के महानायक एवं स्वतंत्रता सेनानी सरदार गंजन सिंह कोरकू की जयंती भैंसदेही विकासखंड के ग्राम सायगोहान में आदिवासी कोरकू संघर्षशील समाज संगठन द्वारा पूरे गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया गया, वहीं नशा से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत नशामुक्ति का संदेश देते हुए समाज को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सरदार गंजन सिंह कोरकू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्र गान के बाद उपस्थित वक्ताओं ने सरदार गंजन सिंह कोरकू के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उनके संघर्षों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को अपने महानायकों के आदर्शों पर चलते हुए पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में जिला संरक्षक मुंगीलाल कासदे, जिला अध्यक्ष चैतराम कासदेकर, संरक्षक सहाबलाल कासदे, जिला पदाधिकारी मोतीलाल कासदे सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सरदार गंजन सिंह कोरकू के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित समाजजनों ने पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्त समाज और सामाजिक एकजुटता को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हुए जय जोहार, जय मुठवा तथा 1930 जंगल सत्याग्रह के नायक सरदार गंजन सिंह कोरकू अमर रहें के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

प्रधान जिला न्यायाधीश के नाम प्रथम अपर जिला न्यायाधीश को ज्ञापन

न्यायालय परिसर में फर्जी अधिवक्ताओं और अनाधिकृत व्यक्तियों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



अधिवक्ता संघ मुलताई ने न्यायालय परिसर में कथित रूप से सक्रिय फर्जी अधिवक्ताओं, अनधिकृत मुंशियों एवं टाइपिस्टों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नाम एक ज्ञापन प्रभारी अधिकारी एवं प्रथम अपर जिला न्यायाधीश मुलताई को सौंपा।

ज्ञापन में न्यायालय परिसर की व्यवस्था बनाए रखने तथा पक्षकारों के हितों की सुरक्षा के लिए शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है। अधिवक्ता संघ ने अपने ज्ञापन में बताया कि पिछले लगभग दो माह से यह देखने में आ रहा है कि कुछ मुंशी, टाइपिस्ट तथा अन्य बाहरी व्यक्ति अधिवक्ता का गणवेश पहनकर न्यायालय परिसर में पक्षकारों से संपर्क कर स्वयं को अधिवक्ता के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं तथा कथित रूप से अनैतिक एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। इस संबंध में अधिवक्ता संघ को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे न्यायालय की गरिमा प्रभावित होने के साथ-साथ पक्षकारों के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने मांग की है कि न्यायालय परिसर में अवैधानिक रूप से कार्य कर रहे व्यक्तियों की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे विधि स्नातक छात्र-छात्राएं, जो बिना विधिवत पात्रता एवं अनुमति के अधिवक्ता का गणवेश पहनकर कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि फर्जी अधिवक्ताओं, अनधिकृत मुंशियों, टाइपिस्टों एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यकतानुसार आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा न्यायालय परिसर में टाइपिंग कार्य करने वाले टाइपिस्टों को जिला न्यायालय से विधिवत अनुमति प्राप्त होने के बाद ही निर्धारित स्थान पर कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए।

निंबोटी में शिव दर्शन को पहुंचे नागदेव श्रद्धालुओं में उत्साह, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

श्रावण के प्रथम सोमवार भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर हुई पवित्र नगरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई में श्रावण मास का शुभारंभ होते ही पूरा नगर शिवमय हो गया। प्रथम सोमवार पर सुबह से ही तापी तट सहित नगर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे। दूर-दूर से कांवड़िए तापी तट पहुंचे और पवित्र तापी जल लेकर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए रवाना हुए।

नगर के तप्तेश्वर महादेव, चिंतेश्वर महादेव एवं ज्ञानेश्वर शिव मंदिर में दिनभर पूजन-अर्चन, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का क्रम चलता रहा। तापी तट स्थित तप्तेश्वर महादेव मंदिर की विशेष धार्मिक मान्यता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां स्थापित शिवलिंग का निर्माण स्वयं ब्रह्माजी ने बालू से किया था। इसी आस्था के कारण श्रावण मास में यहां दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी प्रकार गोस्वामी धूनी के समीप स्थित प्राचीन जनेऊधारी शिवलिंग के दर्शन के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यह शिवलिंग नागा साधुओं की परंपरा से जुड़ा माना जाता है और श्रावण मास में यहां विशेष पूजा-अर्चना होती है।

झिरी शिवधाम के लिए रवाना हुए सैकड़ों कांवड़िए

नेहरू वार्ड स्थित नागदेव मंदिर से सीताराम कांवड़ यात्रा पूरे धार्मिक उत्साह के साथ निकाली गई। बड़ी संख्या में शिवभक्त कंधों पर कांवड़ एवं त्रिशूल लेकर भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए तापी तट पहुंचे। यहां तापी मां एवं भगवान शिव का पूजन कर कांवड़ों में पवित्र तापी जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु पट्टन ब्लॉक स्थित प्रसिद्ध झिरी शिवधाम के लिए रवाना हुए, जहां वे भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा ने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। यात्रा में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। निंबोटी शिव मंदिर में नागदेव के दर्शन से श्रद्धालु हुए भावविभोर, निकटवर्ती ग्राम निंबोटी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रथम सोमवार को उस समय कौतूहल का माहौल बन गया, जब अचानक एक नाग मंदिर परिसर में पहुंच गया। शुरुआत में श्रद्धालु कुछ देर के लिए घबरा गए, लेकिन बाद में लोग इसे भगवान शिव के वाहन नागदेव का शुभ आगमन मानकर दर्शन करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाग लगभग आधे घंटे तक फन उठाकर मंदिर परिसर में शांत भाव से बैठा रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नागदेव के दर्शन किए और इस अद्भुत दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। कई श्रद्धालुओं ने इसे श्रावण के प्रथम सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा और आस्था का प्रतीक माना।

ज्ञानेश्वर शिव मंदिर में चल रहा अति रुद्र पाठ: मासोद रोड स्थित ज्ञानेश्वर शिव मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर अति रुद्र पाठ एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को भगवान भोलेनाथ का पंचामृत, केसर एवं अष्टगंध से अभिषेक किया गया तथा बेलपत्र अर्पित कर सहस्त्र वाचन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रथम सोमवार के पावन पर्व पर पूर्व मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष हेमंत विजय राव देशमुख ने भी ज्ञानेश्वर मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ अभिषेक किया एवं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।मंदिर में प्रतिदिन भगवान ज्ञानेश्वर महादेव का महाकाल की तर्ज पर आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। पंडित संजय जोशी, पंडित दीपक व्यास एवं पंडित निलेश जोशी विधि-विधान से प्रतिदिन भगवान का अलौकिक श्रृंगार कर रहे हैं। मंदिर से जुड़े कृष्णा धोटे ने बताया कि पूरे श्रावण मास में प्रतिदिन विशेष अभिषेक, श्रृंगार आरती एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इससे मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

सावन के पहले सोमवार शहर के मंदिरों में रही भीड़

श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक, लगाए जयकारे



बैतूल। सावन मास के प्रथम सोमवार शहर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने शिवालय पहुंचकर जल, पंचामृत और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं मुक्तकंठ से जयकारे लगाये। जिससे शहर के समस्त शिवालय जयकारों से गूंजायमान हो उठे। दरअसल आज सावन महीने का पहला सोमवार था। यह दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। जिसके कारण सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की। कहा जाता है कि देवाधिदेव महादेव का सम्पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने से सौभाग्य प्राप्त होता है। मान्यता है कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं। यहीं कारण है कि सावन के प्रथम सोमवार मंदिरों में रुद्राभिषेक, पंचामृत स्नान, गंगाजल व दूध से अभिषेक तथा बेलपत्र अर्पण जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। शहर के कोठीबाजार स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भीड़ रही। वहीं कई भक्तगण कावड़ लेकर छोटा महादेव भोपाली भी पहुंचे, जहां भक्तों ने कावड़ में भरे जल से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके अलावा मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया।

खबर संक्षेप

समाजसेवी राजेंद्र भट्ट का हुआ निधन

माखननगर। भट्ट परिवार के



मिलनसार समाजसेवी डॉक्टर शोभना चौकसे के पति राजेंद्र भट्ट का देर रात निधन हो गया वह काफी समय से बीमार थे जिनका अंतिम संस्कार नर्मदा तट चौकाघाट पर किया गया। उनके बड़े भाई ज्ञानेंद्र भट्ट ने बताया कि उन्होंने नेत्रदान का संकल्प लिया था, जाते-जाते वे दो लोगों को आंखों की रोशनी दे गए।



प्रथम श्रावण सोमवार पर शिवालयों में उमड़े शिव भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर क्षेत्रीय शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ रही। मुख्यतः नर्मदापुरम-मार्ग स्थित श्री शिव पार्वती प्राचीन पाषाण प्रतिमा मंदिर में सुबह चार बजे से देर शाम तक शिवार्चन के लिए हजारों भक्त पहुंचे।

नहीं है पर्याप्त व्यवस्था

स्टेट हाईवे किनारे स्थित इस मंदिर में भक्तों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था नजर नहीं आई। नागरिकों ने पुलिस व प्रशासन से अपेक्षा की है कि प्रत्येक श्रावण सोमवार को मंदिर के समीप दो पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाए। क्योंकि हजारों की संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचते हैं। तथा पहले भी कई बार आभूषण छीनने या गुमने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। अतः पुलिस की उपस्थिति रहेगी तो भक्तजन सुरक्षित हो सकते हैं। वहीं क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी शिव अर्चन के लिए हजारों शिवभक्त पहुंचे।

कुशवाहा समाज 13 को मनाएगा लवकुश जयंती, बैठक आयोजित कर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम लांघा बम्हौरी में रविवार को प्रांतीय कुशवाहा समाज की जिला स्तरीय बैठक की गई। बैठक में लवकुश जयंती कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने पर चर्चा की गई है। समाज जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि गोपाल कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई बैठक में समाज की मजबूती व संगठन विस्तार की चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 सितंबर को शहरी उपमंडी प्रांगण में लवकुश जयंती मनाई जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष मालक जी कुशवाहा, प्रदेश संरक्षक मार्शल बाम्होरिया व परसोत्तम दास, ओबीसी संगठन प्रभारी मदन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल मौर्य, संगठन मंत्री राजेंद्र बाम्होरिया, सरवन कुशवाहा, रविशंकर कुशवाहा, जय नारायण कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, पवन कपरिया, राजेश कुशवाहा, नानकराम कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा जिला मीडिया प्रभारी, संतोष कुशवाहा, धर्मदास कुशवाहा, भागमल कुशवाहा व सुरेश कुशवाहा सहित महिला मोर्चा से महिला जिलाध्यक्ष किरण कुशवाहा, अनिता सैनी, बबली वर्मा, शकुंतला मौर्य, लता मौर्य, मिथलेश कुशवाहा एवं अन्य समाजजन उपस्थिति थे।

खरीदी केंद्र संख्या व तारीखें बढ़वाने कांग्रेसियों ने सौंपा आवेदन

मूंग खरीदी में जारी अव्यवस्थाः नहीं मिले बारदाना, हाईवे पर बैठे किसान

मूंग खरीदी में भारी अव्यवस्था जारी है, किसान इस अव्यवस्था से काफी परेशान है। कही बारदाने की कमी है तो कही पर स्लाट बुकिंग में परेशानी हो रही है। किसानों की मांग है कि स्लाट बुकिंग की तरीख बढाई जाये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ब्लॉक क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी किसानों के असंतोष में बदलती जा रही है। बारदाना न होने और छन्ना व्यवस्था वेयरहाउस पर न देने से सोमवार को भाग्य श्री वेयरहाउस में मूंग तुलाई बंद हुई एवं नाराज किसान स्टेट हाईवे पर बैठ गए एवं नारेबाजी करते रहे। ग्राम माछा निवासी किसान धर्मेश सिंह ठाकुर ने बताया कि शासन व प्रशासन मूंग खरीदी की व्यवस्था बनाने में नाकाम सिद्ध हुए हैं। ना तो बारदाना मिल रहा है और ना केंद्र संख्या बढ़ाई जा रही है। धर्मेश ठाकुर के अनुसार स्लॉट बुकिंग के बाद भी किसानों को लाइन में कई-कई दिन ट्रेक्टर ट्राली खड़े रखना पड़ रहा है। समय पर तुलाई नहीं होने के कारण किसान असंतुष्ट हुए और स्टेट हाईवे पर बैठ गए। दो घंटे तक प्रशासन की समझाइश तथा जल्द समस्या समाधान के आश्वासन के बाद किसान सड़क से उठे।

कांग्रेसियों ने सौंपा आवेदन



सोमवार को कांग्रेसियों ने तहसीलदार शक्ति तोमर को आवेदन सौंपा। आवेदन अनुसार सोहागपुर में मूंग खरीदी केंद्र संख्या कम होने से किसान परेशान हैं। नेताओं ने कहा कि केंद्र संख्या कम होने के कारण किसानों को लंबी दूरी तय करने व लंबी लाइन में लगकर मूंग तुलवाने को विवश हैं। लंबी लाईन के कारण स्लॉट बुकिंग डेट निकल रही है। अतः स्लॉट बुकिंग 20 अगस्त तक और खरीदी 31 अगस्त तक की जाए। वहीं मांग की गई है कि सर्वेयर लाइन में लगी ट्रालियों तक पहुंचकर सर्वे करें। जिससे मौके पर मूंग सेम्पल स्वीकृत या अस्वीकृत किया जा सके तथा लाईन घटने में आसानी होगी। इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, मंगल सिंह रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, जालम सिंह पटेल, मंजेश पटेल, नीरज चौधरी, आजाद सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अमित पटेल, शुभम पटेल, देवी रघुवंशी, अखलेश पुर्विया, भास्कर माझी, इरफान खान आदि उपस्थित थे।

मूंग उपार्जन केंद्रों पर धांधली के आरोप, पैसे लेकर हो रही तुलाई

नर्मदापुरम। मूंग उपार्जन के दौरान विभिन्न सेवा सहकारी समितियों पर अनियमितताओं और अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि इन उपार्जन केंद्रों पर बिना सुविधा-शुल्क (रिश्वत) दिए बिना अनाज की तुलाई नहीं की जा रही है। खरीदी में लगे कर्मचारी एवं समिति प्रभारी किसानों से अवैध वसूली कर रोज लाखों रुपये कमा रहे हैं। किसान अधिकारियों से गुप्त जांच की मांग कर रहे हैं। क्षेत्रीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि कोई वरिष्ठ अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के स्वयं साधारण किसान बनकर इन केंद्रों पर तुलाई कराने पहुंचे तो पूरे घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है। प्रभावित उपार्जन समितियों एवं केंद्रों की सूची से.स.समिति ब्यावरा, से.स.समिति बुधवाडा टुगारिया , से.स.समिति रायपुर, से.स.समिति निमसाडिया, से.स.समिति सांवलखेडा, से.स.समिति गुनोरा, से.स.समिति कांद्राखेडी, से.स.समिति डोलरिया, वृ.से.स.समिति रायपुर, माखननगर से.स.समिति गनेरा , माखननगर से.स.समिति सिरवाड़, माखननगर से.स.समिति महुआखेडा खुर्द, माखननगर वृ.से.स.समिति बाबई हैं। मूंग उपार्जन केंद्रों पर धांधली के आरोप लगाए गए हैं, किसानों की मांग है कि प्रशासन इन उपार्जन केन्द्रों की जांच करें।

शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुगम बनाने के लिए नगर पालिका ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम नागरिकों के लिए आवागमन आसान बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका के अतिक्रमण रोधी दस्ते ने व्यापक अभियान चलाया। सोमवार को उद्योग विभाग, पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय और कलेक्टोरेट रोड जैसे प्रमुख प्रशासनिक मार्गों पर विशेष कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया गया, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।नगर पालिका का उद्देश्य शहर की मुख्य सड़कों को साफ-सुथरा और सुचारू बनाना है, जिससे आम जनता, विशेषकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी परेशानी के आवागमन की सुविधा मिले।स्थानीय निवासियों का कहना है कि नेहरू पार्क के पास और मुख्य मार्ग पर शाम के समय लगने वाले ठेलों के कारण पुनः जाम की स्थिति बनती है। नागरिक प्रशासन के इस स्वच्छता और व्यवस्था सुधार अभियान में पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर हैं।

दोहरे मापदंड पर उठ रहे सवाल

नगर पालिका के अतिक्रमण रोधी दस्ते की कार्यशैली एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। सोमवार को उद्योग विभाग से लेकर एसपी ऑफिस और कलेक्टोरेट रोड तक चलाई गई अतिक्रमण रोधी कार्रवाई में प्रशासन का 'दोहरा चरित्र' खुलकर सामने आ गया। एक तरफ जहां दोपहर में ईमानदारी से रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब कचौड़ी और फल विक्रेताओं के ठेले जबरन हटवा दिए गए, वहीं दूसरी ओर शाम होते ही उसी सड़क पर कब्जा जमाने वाले रसूखदार और वीआईपी ठेलों को साफ छूट दे दी गई।

नेहरू पार्क के पास दोबारा खड़ा हुआ अवैध कब्जा

गरीबों को निशाना बनाए जाने का सबसे बड़ा सबूत नेहरू पार्क के पास देखने को मिलता है। नेहरू पार्क के अंदर बने एक पक्के अवैध निर्माण को तत्कालीन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया था। राजनीतिक दबाव और रसूख के बल पर उस पक्के अवैध कब्जे को दोबारा खड़ा कर दिया गया। छोटे व्यवसायी, जो दोपहर से व्यापार कर रात 8 बजे तक घर लौट जाते थे, उन्हें तो बेदखल कर दिया गया। लेकिन रात 12 बजे तक कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाले और हफ्ता देने वाले दुकानदारों पर मेहरबानी हो रही है। लोगों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को इस मामले में स्वयं संज्ञान लेकर नगर पालिका के उन कर्मचारियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

भाजपा नगर मंडल की कामकाजी मासिक बैठक संपन्न, संगठन पर की चर्चा

नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी के सिवनी मालवा नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया की प्रतिमाह आयोजित होने वाली कामकाजी मासिक बैठक सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों, जनसंपर्क अभियान तथा पार्टी की योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए नर्मदापुरम जिला प्रभारी श्री अलकेश आर्य एवं भाजपा नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने संगठन की मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने, सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों को गति देने तथा आगामी अभियानों को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में नगर मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री गोविंद राय, जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, रघुवीर सिंह राजपूत, मालती गौर, मीडिया प्रभारी लीना यादव शर्मा, ज्योति सुनील मालवीय, सुषमा राजेश सोनी,राजेश बथाव पार्षद ईश्वरदास जमींदार, कमलेश लोवंशी,नगर मंडल महामंत्री तुषार लोवंशी तथा महामंत्री अतुल बकोरिया , नगर मंत्री मनोज कपिल , चंद्रकांत कुशवाह, मनीष गौर, माखन लोवंशी, विक्रम सूर्यवंशी, रोहित कुचबंदिया, रौनक अग्रवाल, धर्मराज कुचबंदिया,अशोक धाकड़, अनुज वर्मा, नितिन परिहार, फिरोज खान, अक्षय कुशवाह, मोहम्मद सफी पप्पू गोरी, बड़ी संख्या पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दतिया में कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर दतिया विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के उम्मीदवार घनश्याम सिंह की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर मिठाई बांटी हाथों में तिरंगा लिए दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा के पास पहुंचकर कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगाए इस अवसर पर पुष्पराज पटेल ने कहा मध्य प्रदेश की जनता का मानना था की दतिया में कांग्रेस जीते और भाजपा की हार की शुरुआत हो मैं दतिया में कांग्रेस की जीत पर पूरे दतिया सहित मध्य प्रदेश की जनता को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को और शीर्ष नेतृत्व को बधाई देता हूं इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्लॉक एवं नगर के कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को लेकर हो रही लगातार बैठकें,एसडीएम कर रहे निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बैठक में बताया गया कि। दिनांक 4 अगस्त 2026 मंगलवार को दोपहर 1बजे जनपद पंचायत सभागार में फिर बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों एवं लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए अभियान अवधि में आयोजित किए जाने वाले शिविर आयोजित के लिए तैयारी एवं कार्ययोजना तैयार की जावेगी। विभाग वार प्रदाय की जाने वाली सेवाओं की उपलब्धता एवं निराकरण किया जाना है। जनहितकारी योजनाओं के लाभ लेने वाले अधिकतर हितग्राहियों तक पहुंच ना है। विभागों के मध्य समन्वय प्रचार प्रसार में चर्चा होगी। शासन से प्राप्त जानकारी अनुसार चर्चा होगी।इस तरह से दिनांक 3/8/26को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया था।याद रहे लगातार एक दिन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा लगातार 3 बैठक हुई। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। एसा लगता है। क्यों कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के कार्यकाल में भी सुशासन की पहल ,आपकी सरकार आपके पास, आयोजित किए गए थे। हर गांव में सैकड़ों लोगों ने बात कही थी। आवेदन दिए गए थे। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

सोहागपुर में सड़क पर जमा होता गंदा पानी आमजन होते परेशान, प्रशासन ने साधा मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर के गौतम वार्ड स्थित बाबा कॉलोनी, मारुपुरा व रामप्रसाद वार्ड की गली विधायक निवास के सामने है। गली से शहर की खूबसूरत सड़क रोड एक्सीलेंट भी जुड़ी हुई है, जिस पर एक घर के गंदे निस्तार पानी के कारण आवाजाही बाधित होती है। समस्या की शिकायत नागरिक नप के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित एसडीएम से भी कर चुके, लेकिन समस्या यथावत है। नागरिकों ने बताया कि एक घर का नाली का गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। इन दिनों श्रावण मास जारी है तथा प्रतिदिन सुबह शिवभक्त मारुपुरा से नंगे पैर शिवालयों को जाते हैं। सभी भक्तों को उक्त गली में फैले नाली के गंदे पानी से जाना पड़ता है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। बताया जाता है कि मकान मालिक, पार्षद, सेनेटरी इंसपेक्टर व सीएमओ से कई बार नागरिकों ने आग्रह किया है, लेकिन समस्या यथावत है व प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। नाली का गंदा पानी वाहनों से लोगों के ऊपर उछलता है जिससे परेशानी होती है। नागरिकों ने मकान मालिक से अपेक्षा की है कि गंदे पानी की निकासी उचित माध्यम से सही स्थल पर की जाए। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा की है कि सड़क पर गंदे पानी के भराव को रोका जाए।

दुकानदारों को दी अंतिम चेतावनी

अतिक्रमण पर सख्त हुईं सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) रेखा जाटव ने शहर की यातायात व्यवस्था और बाजारों में आम नागरिकों के सुगम आवागमन को दुरुस्त करने के लिए सख्त कदम उठाया है। इसी सिलसिले में उन्होंने नगर पालिका की टीम के साथ 'पुरानी नगर पालिका कॉम्प्लेक्स' का औचक निरीक्षण किया।

कड़ी नाराजगी जताई

निरीक्षण के दौरान कॉम्प्लेक्स के बरामदे और मुख्य रास्ते पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान फैलाकर अतिक्रमण किया पाया गया। इस पर सीएमओ सुश्री रेखा जाटव ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद दुकानदारों को



तत्काल प्रभाव से बाहर रखा सामान हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट हिदायत दी कि कॉम्प्लेक्स के सार्वजनिक रास्ते और बरामदे ग्राहकों की आवाजाही के लिए हैं, न कि सामान सजाने के लिए। सीएमओ ने सभी व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह उन्हें अपनी दुकानों का सामान सीमा के भीतर समेटने का अंतिम मौका दिया जा रहा है। यदि भविष्य में निरीक्षण के दौरान पुनः दुकानों के बाहर सामान रखा मिला, तो नगर पालिका अमले द्वारा न केवल सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि संबंधित दुकानदारों पर भारी चालानी कार्रवाई कर जुर्माना भी ठोका जाएगा।

आमजनों को न हो परेशानी

सीएमओ ने स्पष्ट निर्देश दिये कि कि बाजार में आने वाले नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए व्यापारी व्यवस्था बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका का अमला मौजूद रहा और सीएमओ की इस सख्त चेतावनी के बाद कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों में हड़कंप देखने को मिला।

पौधरोपण कर मनाया गया प्राचार्य संजीव दुबे का जन्म दिवस



पिपरिया। विकास खण्ड स्तरीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे की इमानदारी कार्यशैली किसी से छिपी नहीं है।अभी वर्तमान में सामने आया कि सांदीपनि विद्यालय परिसर में लगातार नजर कैमरे के माध्यम से वैसे भी राउंड लगाकर मानीटरिंग की जा रही है। इसी दौरान प्राचार्य संजीव दुबे का दिनांक 3 अगस्त को जन्म दिन पर विद्यालय परिसर में सिंदूर के बक्ष को लगाया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में ही मां सरस्वती का मंदिर है। पूजन के लिए यह फल काम आ सके इसलिए यह पेड़ लगाए गए हैं। सुबह से ही लगातार शुभकामनाएं बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा।

ग्राम कुमहाबड़ के मोकलवाड़ा सड़क निर्माण कार्य में हुइ लापरवाही, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोकलबाड़ा से कुंमहाबड़ तक लगभग 5 किलोमीटर मार्ग का निर्माण कार्य किया गया है। जिसके लिए मात्र एक वर्ष ही हुआ है। जिसमें चौड़ाई कम करके पुरानी कम ऊंचाई की नाली होने के कारण अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार की लापरवाही सरेआम दिखाई दे रही है। पहले चोड़ाई घंटा दी गई थी। फिर बाद में पानी निकासी को लेकर पुरानी नाली में ही बरसात का पानी निकल सके इसके लिए बाद में लगभग दो फिट चौड़ी ढाल दार सड़क का निर्माण कार्य अलग-अलग किया गया है।जो घटना को अंजाम दे रही है।लोग पैदल ही आते हैं तो भी फिसलने लगे हैं।नाली में गिर रहे हैं।सड़क निर्माण कार्य लगभग 471.55 लाख से किया गया है।18/8/2025को तैयार किया गया है। लेकिन मौके पर लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी राहुल मंडलोई उपमंत्री कैलाश गुर्दे कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह की लापरवाही सरेआम दिखाई दे रही है। लोगों ने इसमें सुधार करने की मांग की है। नगरपालिका परिषद क्षेत्र से लेकर पचमढ़ी मटकुली नर्मदापुरम संभाग नरसिंहपुर सभी मार्गों के किनारे बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। बरसात चल रही है। लेकिन अभी तक लोकनिर्माण विभाग ने सड़क मार्ग के दोनों तरफ मुरम का भराव नहीं किया गया है।हथवास में तो बहुत ही अच्छा बड़ी झील बनी है मुख्य मार्ग पर बरसाती पानी भरने से निकलना मुश्किल हो रहा है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

लायंस क्लब की बैठ हुई विकास कार्यों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 32336के रीजन 4की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा सदस्यता विस्तार नवीन कार्यकारिणी गठन नेतृत्व विकास कार्य को लेकर लगातार चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जला कर किया गया। ध्वज फहराया गया ध्वज पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम जे एफ उर्वशी शाह ने किया। अशोक तोषनीवाल में स्वागत सम्मानित किया। सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं अतिथियों का स्वागत सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी लायन मनीष शाह ने कार्यप्रणाली पर पर प्रकाश डाला गया। पंकज मारू ने विस्तार से जानकारी दी गई। लायंस क्लब के प्रत्येक नागरिक को मजबूत करने हेतु जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में नेतृत्व विकास नवीन क्लब गठन सेवा परियोजना पर मार्गदर्शन किया गया। बैठक में बैतूल इटारसी बरेली सिलवानी भौंरा बाब ई पिपरिया सिटी के अध्यक्ष नर्मदा क्लब अध्यक्ष सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनोज, संजीव मालवीय उदय सिंह राजपूत सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम समाप्त किया गया।

खबर संक्षेप



मूंग खरीदी की निरंतर निगरानी की जाए

हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने निर्देश दिये है कि समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन व्यवस्था के तहत निगरानी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी मूंग खरीदी व्यवस्था का सतत निरीक्षण करें। सभी उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटा, बारदाना एवं हम्मालों की पर्याप्त व्यवस्था हो। किसानों को मूंग तुलाई में कोई परेशानी न आए। उपार्जन केन्द्रों पर नियुक्त सर्वेयर भी जिम्मेदारी से कार्य करें।सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा न हो, इस तरह का गोवंश शीघ्रता से गोशालाओं में शिफ्ट किया जाए। बैठक में उन्होने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा की गई एवं राजस्व कार्यों की भी कलेक्टर ने समीक्षा की।

1.5 क्विंटल अवैध मछली वाहन जब्त, 2 पर केस

हरदा। शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक घोषित बंद ऋतुकाल के दौरान मत्स्य विक्रय और परिवहन पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर पुलिस और मत्स्य विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1.5 क्विंटल अवैध मछली और एक कार जब्त की है। 2 अगस्त रविवार को रात्रि 11:30 बजे कोतवाली पुलिस हरदा ने नाका बंदी के दौरान इन्डिगो कार क्रमांक एमपी 04 केजी 2722 को रोका। तलाशी में वाहन से अवैध रूप से ले जाई जा रही 1.5 क्विंटल मछली बरामद हुई। पुलिस ने मछली परिवहन कर रहे नफीस पिता गफूर कुरैशी और वाहन चालक नदीम पिता कदीर खान निवासी हरदा को थाने लाया। सूचना पर मत्स्य विभाग हरदा के सहायक मत्स्य अधिकारी सुशील गौर मौके पर पहुंचे और मछली जब्ती की। जब्त मछली की तत्काल नीलामी कराई गई। नीलामी से प्राप्त 6 हजार रुपये की राशि चालान के माध्यम से म.प्र. ट्रेजरी के अवैध मत्स्याखेट मद में जमा कराई गई। सहायक मत्स्य अधिकारी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर जेसीबी बरामद

झिरन्या। नवागत कलेक्टर गुरु



प्रसाद के निर्देश पर एसडीएम लोकेश छापरे ने एक जेसीबी बरामद की है। जब वे झिरन्या से वापस खरगोन जा रहे थे,तभी चित्तौडगढ़-भुसावल मार्ग पर जेसीबी मशीन बीएसएनएल की ओएफसी लाइन बिछाने के लिए खुदाई कर रही थी। जिसे बरामद कर पुलिस अभिरक्षा में थाना-परिसर में रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर प्रसाद शनिवार को पहली बार यहां आये थे और वे दामखेडा-चिरिया मार्ग से खरगोन जा रहे थे। लेकिन चित्तौड़गढ़-भुसावल मार्ग की पटरी की जेसीबी मशीन खुदाई कर रही थी,जो सब रेंज चिरिया के अंतर्गत है। जहां बीएसएनएल की ओएफसी लाइन के लिए खुदाई की जा रही थी। बीट प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बराया कि चिरिया और मुंडिया के मध्य करीब 200 मीटर खुदाई की गई है,जो सड़क की पटरी की साइड में है। वे इसकी जानकारी वन परिक्षेत्राधिकारी को दे रहें हैं। सबरेंज प्रभारी चिरिया प्रेम वास्कले का फोन बंद होने से उनसे संपर्क नहीं हो सका है। एसडीएम छापरे ने पूर्व में भी उक्त कम्पनी की ओएफसी लाइन के लिए खुदाई करते हुए एक अन्य जेसीबी को बरामद की थी। जिसे पुलिस अभिरक्षा में सौंपकर मामले में कार्रवाई की गई थी। फलस्वरूप सम्पूर्ण क्षेत्र की सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुकी है, लेकिन सड़कों की खुदाई निरंतर जारी है।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगी

श्रावण के पहले सोमवार को शिवभक्ति का उत्साह चरम पर रहा, भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले में श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवभक्ति का उत्साह चरम पर रहा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर पूरे दिन 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजते रहे। अजनाल नदी तट स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर, चारुवा के प्रसिद्ध गुप्तेश्वर मंदिर, सिराली के तिलभांडेश्वर महादेव और हंडिया के रिद्धनाथ मंदिर सहित जिले के अन्य शिवालयों में ब्रह्म मुहूर्त से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इसके बाद सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। दोपहर बाद मंदिरों के पट बंद कर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। शाम को श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्वरूपों में सजे भगवान शिव के आकर्षक दर्शन किए। मंदिरों में भक्तों की भीड़ देर शाम तक बनी रही।

शहर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सावन की शुरुआत सोमवार से होना अत्यंत शुभ संयोग माना जाता है। शिव पुराण के अनुसार सावन का सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ दिनों में माना गया है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक पूजा करने से महादेव भक्तों के सभी कष्ट दूर कर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने सावन माह में कठोर तप और व्रत कर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। इसी कारण कुंवारी युवतियां मनोवांछित वर की कामना से सावन सोमवार का व्रत रखती हैं। पूरे सावन माह में कांवड़ यात्राओं और शिव पूजा का भी विशेष महत्व रहता है। पंडित शर्मा ने बताया कि अजनाल नदी के तट पर स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर करीब 150 वर्ष पुराना है। यह मंदिर जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों में शामिल है, जहां सावन के महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।

पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के उपरांत भगवान शिव दिव्य अगस्तेश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते नजर आए। अलौकिक स्वरूप के दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ती रही। मंदिर के श्रृंगार कलाकार जयकृष्ण चांडक ने बताया कि यह मंदिर में उनके द्वारा लगातार किया गया 102वां श्रृंगार है। पिछले 22 वर्षों से वे निरंतर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर रहे हैं। इस बार के श्रृंगार को पूर्ण करने में लगभग सात घंटे का समय लगा। श्रृंगार में मिट्टी, विभिन्न रंगों, चमकदार कपड़े, चुनरी, फूलों की मालाओं तथा गमलों का उपयोग कर आकर्षक धार्मिक वातावरण तैयार किया गया। श्रृंगार कार्य में रोहित सोनी का भी सहयोग रहा। सावन के प्रथम सोमवार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान पंच पिपलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

तिलभांडेश्वर महादेव का अलौकिक श्रृंगार



भगवान श्रीतिलभांडेश्वर की नगरी सिराली में प्रथम श्रावण सोमवार के अवसर पर राजाधिराज आशुतोष भगवान श्री भोलेनाथ का संध्याकालीन विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। अलौकिक एवं मनोहारी श्रृंगार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता की कामना की। मंदिर से जुड़े सोमेश अग्रवाल ने बताया कि श्रावण के प्रथम सोमवार पर भगवान का शीतल एवं सात्विक श्रृंगार किया गया। शिवलिंग पर श्वेत चंदन का लेप कर हरे बेलपत्रों की सुंदर सज्जा की गई। शीर्ष पर श्वेत, हल्के बैंगनी एवं नारंगी गेंदे के पुष्पों से आकर्षक मुकुट बनाया गया। शिवलिंग के चारों ओर सफेद, पीले एवं गहरे गुलाबी पुष्पों के वलय सजाए गए, जबकि जलाधारी पर पुष्पों की मनोहारी धारा और पीतल के घेरे पर अंकित 'ॐ' श्रृंगार की शोभा बढ़ा रहे थे।

दतिया की जीत का मनाया जश्न

कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, कांग्रेस के झंडे लहराए और नारेबाजी की



दतिया के मतदाताओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लोकतंत्र की जीत हुई है और तानाशाही की करारी हार हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

दतिया विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सोमवार को हरदा शहर के घंटाघर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, कांग्रेस के झंडे लहराए और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। ढोल-ढमाकों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य भी किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने इस जीत को लोकतंत्र, गरीबों और किसानों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि दतिया के मतदाताओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लोकतंत्र की जीत हुई है और तानाशाही की करारी हार हुई है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा अपने खुद के बूथ को भी नहीं जीता पाए।

कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से की

हरदा। प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, डिप्टि कलेक्टर तृप्ति पटेरिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

हंडिया पुलिस ने 2.247 किलो गांजा जब्त किया, एक आरोपी गिरफ्तार



हरदा। जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हंडिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 किलो 247 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पैशन प्रो मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम जोगा स्थित फॉरेस्ट नाके के पास घेराबंदी कर संदेही रामदिन कलम निवासी लोटिया को पकड़ लिया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से सफेद प्लास्टिक के झोले में रखा 2 किलो 247 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये है, बरामद किया गया। इसके अलावा एक एमआई एंड्रॉयड मोबाइल, 250 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 35 हजार 250 रुपये बताई गई है। पुलिस ने मौके पर गांजे का तौल, सीलबंदी एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध हंडिया थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

प्रदेशभर के पटवारी बस्ता-रिकॉर्ड जमा कर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर गए, राजस्व सेवाओं पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार से प्रदेशभर के पटवारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले गए। आंदोलन के पहले दिन सभी पटवारियों ने अपने-अपने बस्ते एवं शासकीय रिकॉर्ड संबंधित कार्यालयों में जमा कर दिए और शासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। संघ का कहना है कि जब तक उनकी वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों पर सरकार ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। जिला पटवारी संघ अध्यक्ष विकास जोशी ने बताया कि मांगों को लेकर पहले चरणबद्ध आंदोलन किया गया था। इसके तहत काली पट्टी बांधकर कार्य करना, शासकीय व्हाट्सएप समूहों का बहिष्कार तथा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया गया, लेकिन शासन स्तर पर कोई सार्थक पहल नहीं होने के



कारण अब प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है। हड़ताल के चलते राजस्व विभाग की 12 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित होंगी। इनमें ई-टेकन, वेब जीआईएस, रिकॉर्ड अपडेट, सारा पोर्टल, सारा एप्लिकेशन, आरसीएमएस, सीएम हेल्पलाइन, लघु सिंचाई गणना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़े रिकॉर्ड सत्यापन, रिकॉर्ड स्कैनिंग, राजस्व वसूली तथा फार्मर रजिस्ट्रेशन जैसी सेवाएं शामिल हैं।इसके अलावा नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खसरा-खतौनी, गिरदावरी, अतिक्रमण संबंधी कार्रवाई, कब्जा दिलाने, कानून-व्यवस्था से जुड़े राजस्व दायित्व सहित अन्य फील्ड एवं कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित होने की संभावना है। इसका सीधा असर किसानों, आम नागरिकों तथा राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों पर पड़ेगा। पटवारी संघ का आरोप है कि लगातार नए-नए ऑनलाइन और मैदानी कार्य सौंपे जा रहे हैं, लेकिन वर्षों पुरानी मांगों का अब तक निराकरण नहीं किया गया है। संघ के अनुसार राजस्व विभाग की रीढ़ माने जाने वाले पटवारियों के साथ वेतनमान और पदोन्नति के मामलों में लगातार उपेक्षा की जा रही है।

संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, लंबित नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करना, जज प्रोटेक्शन एक्ट की तर्ज पर विधिक संरक्षण देना, अतिरिक्त कार्यों का युक्तिकरण कर उचित पारिश्रमिक प्रदान करना, कर्मचारियों के हितों के अनुरूप पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करना तथा वर्षों से लंबित सभी मांगों का शीघ्र निराकरण शामिल है। वेतन विसंगति को भी आंदोलन का प्रमुख मुद्दा बताते हुए संघ ने कहा कि वर्तमान में पटवारियों की नियुक्ति 2100 ग्रेड पे पर होती है, जबकि नियुक्ति के समय 2400 ग्रेड पे तथा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर प्रथम समयमान 2800 ग्रेड पे दिए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है।

श्रद्धा से मनाया प्रथम सोमवार

सिद्धनाथ के आगे श्रद्धालुओं ने नवाया शीश, बारिश व खुशहाली की कामना की



खरगोन। शहर में श्रावण मास का प्रथम सोमवार श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया। सोमवार सुबह से रूक-रूक कर हो रही रिमझिम बारिश के चलते श्रद्धालु रेनकोट व छाता लेकर शिवालय पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया। इसी कड़ी में भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में भी श्रावण मास का प्रथम सोमवार श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया।

यहां प्रातः 4 बजे से सिद्धनाथ मंदिर खुला और पूजन-अर्चन व अभिषेक का दौर शुरू हुआ। सार्वजनिक श्रावण मास शिवड़ोला समिति के सहमीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री सिद्धनाथ जी पर दूध, दही, शहद व जल चढ़ाकर पूजन-अर्चन व अभिषेक कर भगवान श्री सिद्धनाथ के सामने शिश नवाकर शहर में अच्छी बारिश व खुशहाली की कामना की। श्रावण मास का प्रथम सोमवार होने से रात्रि में फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई।

इन मंदिरों में भी चला पूजन-अर्चन का दौर

श्रावण मास के प्रथम सोमवार सराफा बाजार स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कसरावद रोड़ स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित श्री बड़घाटेश्वर मंदिर, बाकी माता पथ स्थित श्री महाबलेश्वर मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित काला देवल व महाकाल मंदिर, ज्योति नगर स्थित श्री ज्योतेश्वर महादेव मंदिर, जैतापुर स्थित श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, गांधी नगर स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर, डीआरपी लाईन स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कृषि उपज मंडी स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर, भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ब्राह्मणपुरी स्थित श्री ज्येश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया।

रोजगार शिविर आज लगेगा

खरगोन। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर, पुराना कलेक्ट्रेट, खरगोन में रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में निजी कंपनी पीथमपुर (इंदौर) द्वारा ट्रेनी पदों पर भर्ती की जाएगी। शिविर में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को पीथमपुर में रोजगार का अवसर मिलेगा तथा पद के अनुसार 13,500 रुपये से 20,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन प्रदान किया जाएगा। रोजगार अधिकारी ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने साथ बायोडाटा/रिज्यूम, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), आधार कार्ड, शैक्षणिक अंकसूचियां, अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट आकार के दो नवीनतम फोटो लेकर निर्धारित समय पर शिविर में उपस्थित हों।

विधायक ने मांगरुल खुर्द में अटल ग्राम सुशासन भवन की दी सौगात

खरगोन। जनपद पंचायत गोगावां के ग्राम पंचायत मांगरुल खुर्द में रविवार देर शाम विधायक बालकृष्ण पाटीदार ग्रामवासियों को नए अटल ग्राम सुशासन भवन की सौगात दी। यहां 37.50 लाख की लागत से बने निर्मित नवीन पंचायत भवन अटल ग्राम सुशासन भवन का लोकार्पण करते हुए ग्रामीणजनों को समर्पित किया। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। विधायक को अश्व सवार कर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया, इस दौरान जगह-जगह पुष्पमालाएं भी पहनाई गई। विधायक पाटीदार ने इस दौरान आयोजित समारोह में कहा कि ग्रामीण प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में शासन का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन का प्रमुख केंद्र होता है, जहां से विकास



योजनाओं का संचालन और ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से ग्राम पंचायत में कार्यों के संचालन में पारदर्शिता और सुगमता आएगी। ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई सेवाएं मिल सकेंगी। इस दौरान विधायक पाटीदार कहा कि राज्य सरकार और पंचायत स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त अटल ग्राम सुशासन भवन का निर्माण कराया गया है, जिससे पंचायत के कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकेंगे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने नए पंचायत भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। ग्रामीणों का कहना था कि अब पंचायत से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। जनपद अधिकारी, सरपंच, पंच, पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस ने एसएएफ बटालियन पर सरकार को घेरा, सांसद-विधायकों से मांगे जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

खरगोन में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) बटालियन की घोषणा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार और जिले के सांसद-विधायकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक के नेतृत्व में श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और भाजपा जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगा। कांग्रेस का कहना है कि वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन में एसएएफ बटालियन



स्थापित करने की घोषणा की थी, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी घोषणा सिर्फ कागजों तक सीमित है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खंडवा में एसएएफ बटालियन की घोषणा किए जाने के बाद खरगोन की जनता असमंजस में है कि आखिर बटालियन खरगोन में बनेगी या खंडवा में।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने सवाल उठाया कि यदि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल नहीं हुआ तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदलते ही घोषणाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और खरगोन जिले के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के भाजपा सांसद और विधायक इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर पूरी तरह मौन हैं और जनता को जवाब देने से बच रहे हैं।रवि नाईक ने कहा कि अब समय आ गया है कि सांसद और विधायक जनता को स्पष्ट बताएं कि खरगोन की घोषित एसएएफ बटालियन आखिर कहां गायब हो गई। यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन छेड़ेगी। भाजपा सांसद और विधायकों का घेराव किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री के खरगोन आगमन पर उन्हें काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे और सभी ने एक स्वर में खरगोन में एसएएफ बटालियन की स्थापना की मांग दोहराई। सरिता भावसार, नीमा गौर, अहिल्या भालेराव, लक्ष्मी मोरे, देवश्री मुजाल्दे, वंदना श्रीवास्तव, जितेंद्र भावसार, कादर बेग, राजेंद्र पवार, संजीव गांगुली, विजय कोचले आदि मौजूद रहे।